प्रेस विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ

समापन समारोह एवं पुरस्कार विरण

केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला खेलों इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता का समापन।

लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में दो दिवसीय "रानी लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय महिला खेलों इंडिया तीरंदाजी प्रतियोगिता" का समापन किया गया। यह आयोजन संघ के माननीय अध्यक्ष श्री अवनीश कुमार अवस्थी (सलाहकार, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार) के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक NTPC Limited हैं, जिसमें कुल 11 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान किया।

तीरंदाजी प्रयोगिता का समापन मुख्य अतिथि श्री अर्जुन मुंडा जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री श्रीमति मालिनी अवस्थी उपस्थित रहे।

समापन कार्यक्रम का उद्बोधन उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के माननीय अध्यक्ष के भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं उपस्थित जनों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

मुख्य अतिथि श्री अर्जुन मुंडा जी ने तीरंदाजी खेल को उत्तर प्रदेश ने भारत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा की उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी हर जगह अपनी पहचान बना रहे रहे हैं। इसमें मानसिक संतुलन बहुत जरूरी है। उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य की खेल नीति बहुत अच्छी है इससे सभी को सिख लेनी चाहिए तथा तीरंदाजी खेल को और कैसे आगे ले जाया जाए के बारे में बताया। भगवान श्रीराम एवं अर्जुन को प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगना से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का आभार भी ब्यक्त किया जो की उन्होंने अपने निवास पर भारत के चोटी के खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा जी एवं विशिष्ट अतिथि पद्मश्री श्रीमति मालिनी अवस्थी ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व चेक देकर उत्साह बर्धन किया।

मुख्य अतिथि एवं प्रतियोगिता का औपचारिक समापन विशिष्ट अतिथि श्रीमति मालिनी अवस्थी ने धनुष-बाण से तीर चलाकर किया ।

पूरे कार्यक्रम का संचालन ओलंपियन एवं ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित सत्यदेव प्रसाद ने किया। इस अवसर पर योगेंद्र सिंह राणा, वेद कुमार, अनुपमा DSO, अनिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

दिनांक: 01 मार्च 2026
स्थान: लखनऊ

सत्यदेव प्रसाद
ओलंपियन एवं ध्यान चंद अवार्डी
दूरभाष- 8582810357